# जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2025 को आयोजित विकासखण्ड धौलाना के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2025 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु विकासखण्ड धौलाना में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
2. उपजिलाधिकारी, धौलाना।
3. ब्लॉक प्रमुख, धौलाना।
4. तहसीलदार, धौलाना।
5. सहायक अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
6. खण्ड विकास अधिकारी, धौलाना।
7. श्री आदिल जैदी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 गुजरात।
8. समस्त ग्राम प्रधान, विकासखण्ड धौलाना।

<u>योजनावार विवरण</u>:– जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ द्वारा बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों से ग्रामों की समस्याओं के बारे में पूछा गया। ग्राम प्रधानों द्वारा अपने–अपने ग्राम से सम्बन्धित समस्याओं को जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

1. <u>ग्राम भावा</u> :– ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म की ओर से लेबर की कमी के कारण सड़क तोड़ने के उपरान्त, पुनर्स्थापन के कार्य में देरी की जाती है। सड़क खराब होने के कारण ग्रामवासियों द्वारा निर्माण कार्यों का विरोध किया जा रहा है।
2. <u>ग्राम हसनपुर</u> :– श्री राजपाल, ग्राम प्रधान हसनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उच्च जलाशय का निर्माण नहीं हुआ है। गऊशाला के पास चारे की समस्या है। झील का पानी खेतों में जा रहा है। झील के चारों ओर बाउन्ड्रीवाल बनायी जानी आवश्यक है।
3. <u>ग्राम भूडिया</u> :– ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने हेतु 02 बार आर0सी0सी0 रोड को तोड़ा गया, परन्तु मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया। ग्राम में लीकेजों को ठीक नहीं कराया गया है। सड़क पुनर्स्थापन का कार्य भी ठीक नहीं कराया गया। ग्राम में जलापूर्ति चालू है, परन्तु कुछ घरों में टोंटियां नहीं लगी हैं, जिस कारण पानी रास्ते पर भर जाता है।
4. <u>ग्राम सपनावतः</u>– ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में निर्मित पानी की टंकी लगभग 10 वर्ष पुरानी है। ग्राम में बिछायी गयी पाइप लाइन खराब हो गयी है। जलापूर्ति के समय लीकेज होने के कारण, रास्तों पर पानी भर जाता है।
5. <u>ग्राम गालन्दः</u>– ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में निर्मित पानी की टंकी लगभग 15 वर्ष पुरानी है। ग्राम में सुचारू रूप से जलापूर्ति की जा रही है। कुछ स्थानों पर लीकेज हैं।
6. <u>ग्राम नारायणपुर वास्काः</u>– ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में 15 स्थानों पर लीकेज है, जिस कारण पानी रास्तों पर भर जाता है। ग्राम में लगभग 300 मी0 पाइप लाइन एवं 250 नग गृह संयोजन प्रदान करने शेष हैं।
7. <u>ग्राम धौलानाः</u>– ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में निर्मित पानी की टंकी लगभग 11 वर्ष पुरानी है। ग्राम में बिछायी गयी पाइप लाइन खराब हो गयी है। जलापूर्ति के समय लीकेज होने के कारण, रास्तों पर पानी भर जाता है। नई कॉलोनियों में गृह संयोजन नहीं हैं।

ग्राम निधावली:—ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में पेयजल योजना का निर्माण कार्य वर्ष 2022 से प्रारम्भ कराया गया था। वर्तमान तक उच्च जलाशय का निर्माण पूर्ण नहीं किया गया है। वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है।

9. **ग्राम बीघेपुर:**—ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में उच्च जलाशय (**Zincalume Overhead Tank**) का निर्माण कराया जा रहा था। दिनांक 26.04.2025 को आंधी के कारण, उच्च जलाशय उड़ गया। ग्राम के एक मौहल्ले में पाइप लाइन बिछाना शेष है।
10. **ग्राम शेखपुर खिचरा:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा रोड चौड़ीकरण करते समय, पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गयी है, जिस कारण नाले का पानी सड़कों पर आ रहा है।
11. **ग्राम शौलाना:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में उच्च जलाशय का निर्माण वर्ष 2022 में प्रारम्भ हुआ था। वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है। भैंसा—बुग्गी भी नहीं निकल पाती है। पेंशन वाला कार्य नहीं हो रहा है। जल निगम द्वारा उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है।
12. **ग्राम हिम्मतनगर:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है। 03 माह से अधिकारियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है।
13. **ग्राम लालपुर:**— ग्राम प्रधान द्वारा पेयजल योजना एवं रास्तों से सम्बन्धित लिखित शिकायत जिलाधिकारी महोदय को उपलब्ध कराई गई।
14. **ग्राम आजमपुर:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है। रास्तें ठीक नहीं कराये गये हैं। ग्राम में कुछ गलियां ऊंचाई पर है, जहां टंकी का पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्राम का आंगनवाड़ी केन्द्र जर्जर अवस्था में हैं। ग्राम में विद्युत आपूर्ति की भी समस्या है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त आंगनवाड़ी केन्द्र की नीलामी हेतु मूल्यांकन किया जाये।
15. **ग्राम बासतपुर** :—ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि 02 वर्ष से ग्राम में उच्च जलाशय का निर्माण पूर्ण नहीं किया गया है। वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है।
16. **ग्राम डूहरी:**—ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है।
17. **ग्राम परतापुर:**—ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में 30 प्रतिशत वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है। सी0सी0 का कार्य ठीक प्रकार से नहीं किया गया है। पेयजल योजना के कार्य पूर्ण नहीं कराये गये है।
18. **ग्राम छिजारसी:**—ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में निर्मित पानी की टंकी लगभग 14 वर्ष पुरानी है। ग्राम में बिछायी गयी पाइप लाइन खराब हो गयी है। जलापूर्ति के समय लीकेज होने के कारण, रास्तों पर पानी भर जाता है। कुछ घरो में गृह संयोजन नहीं हैं। जलापूर्ति के समय पानी गन्दा आता है। लीकेज होने के कारण एक घर की दीवार गिर गयी है।
19. **ग्राम पीपलाबन्दपुर** :— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में उच्च जलाशय का निर्माण वर्ष 2022 में प्रारम्भ हुआ था। ग्राम में टंकी बनी हुई है, परन्तु बाउन्ड्रीवाल न होने के कारण बच्चे टंकी पर चढ़ जाते हैं। वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य भी शेष है। सड़क तोड़ने के उपरान्त, मलबा ऐसे ही छोड़ दिया गया है।
20. **ग्राम खैरपुर खैराबाद:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में सड़क तोड़ने के उपरान्त, सी0सी0 रोड का कार्य ठीक नहीं किया गया है।
21. **ग्राम शौलाना:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में सड़क तोड़ने के उपरान्त, खराब सी0सी0 रोड बनायी गयी है।
22. **ग्राम कमरूद्दीननगर:**— ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में पेयजल योजना के कार्य पूर्ण नहीं कराये गये हैं। सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य शेष है।

**ग्राम सिखेड़ा:–** ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में निर्मित पानी की टंकी लगभग 15 वर्ष पुरानी है। ग्राम में लीकेज ज्यादा हैं। जलापूर्ति के समय लीकेज होने के कारण, रास्तों पर पानी भर जाता है। कुछ घरो में पानी नहीं पहुंच रहा है।

(कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम / मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड धौलाना के अन्तर्गत 14 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनांए हैं एवं जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 43 नग नई पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त 43 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कुल 220 किमी0 वितरण प्रणाली के लक्ष्य के सापेक्ष 212 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कुल बिछायी गयी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 198 किमी0 रोड पुनर्स्थापन का कार्य किया जा चुका है। ग्राम पंचायत स्तर से किये गये सर्वे में 10 किमी0 सड़क पुनर्स्थापन का कार्य शेष दर्शाया गया है एवं 14 किमी0 पुनर्स्थापन के कार्य में सुधार किया जाना है। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त ग्रामों में रोड पुनः चैक कराकर, कमियों को ठीक करा दिया जायेगा। माह जुलाई में धनावंटन होने के उपरान्त कार्य पुनः प्रारम्भ करा दिये जायेंगे। समस्त योजनाओं के कार्यों को इस वर्ष के अन्त तक पूर्ण करा दिये जायेंगे।

**पूर्व निर्मित पेयजल योजना का संचालन एवं अनुरक्षण –** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड धौलाना के अन्तर्गत 14 नग पेयजल योजनांए पूर्व निर्मित हैं, जिनमें से 07 नग योजनांए चालू एवं 07 नग योजनांए आंशिक कमियों के कारण बन्द हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के 10 वर्ष तक संचालन एवं अनुरक्षण हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 अहमदाबाद, गुजरात को नामित किया गया है। वर्तमान में पेयजल योजना के संचालन में आ रही कमियों को ठीक कराने हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 अहमदाबाद, गुजरात द्वारा ग्राम में सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 30 जून 2025 तक समस्त डी0पी0आर0 तैयार कर, मुख्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को प्रेषित कर दी जायेगी। विभाग द्वारा योजनाओं को 01 जुलाई 2025 से ग्राम पंचायत से टेकओवर कर, 10 वर्ष तक संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

(कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम / मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश –**

- आगामी 15 दिवस में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति (VWSC) की बैठक आयोजित की जाये, जिसमें सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर तथा फर्म के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया जाये। बैठक में पेयजल योजनाओं की वर्तमान स्थिति से समिति के सदस्यों एवं ग्राम प्रधान को अवगत कराया जाये एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर तथा फर्म के प्रतिनिधि के दूरभाष नम्बर उपलब्ध कराये जायें।
- पेयजल योजना से सम्बन्धित फर्म के कर्मचारी द्वारा दूरभाष पर प्राप्त समस्याओं को सुना जाये एवं शिकायत में वर्णित समस्या का समाधान कितने दिन में होगा, यह ग्राम प्रधान को स्पष्ट रूप से बताया जाये।
- लीकेज के कारण पेयजलापूर्ति बाधित होने पर, कितने दिवस में लीकेज ठीक कराये जाने का प्राविधान है, इससे सम्बन्धित गाइडलाइन्स से ग्राम प्रधान को अवगत कराया जाये। यदि तय समय में फर्म द्वारा

लीकेज ठीक नहीं की जाती है, तो फर्म पर क्या कार्यवाही किये जाने का प्राविधान है, यह भी अवगत करायें।

- पेयजल योजना के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | |
|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव<br>"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"<br>समिति हापुड़ | जिलाधिकारी / अध्यक्ष<br>"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"<br>समिति हापुड़ |

पत्रांक :– / / दिनांक

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
3. खण्ड विकास अधिकारी, धौलाना।
4. मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद, गुजरात को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यों को तत्काल पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

(विनय)
अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़